# MP BOARD CLASS 10 HM HINDI SPECIAL MODEL PAPER SET 4 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 HM हिन्दी (विशिष्ट) मोडल पेपर सेट 4 2020

समय :3 घण्टा] [ पूर्णांक : 100

निर्देश- (1) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए एक-एक (1x5x5=25) अंक निर्धारित है।

(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक के लिए दो-दो अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 - शब्दों में लिखिए।

(4) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक के लिए तीन-तीन अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा: 30 शब्द से 75 शब्द है। प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा :75 शब्द से 120 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए पाँच-पाँच अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा : 120 शब्द से 150 शब्द है।

(7) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3= 10) दस अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा : 200 शब्द से 250 शब्द है।

(8) प्रत्येक प्रश्न के लिए आबंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

प्रश्न 1. निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिए- 1x5-5

(i) कवि ने बादलों को कहाँ घिरते देखा है?

(क) अमल धवल गिरि पर, (ख) तालाब में, (ग) चट्टानों पर, (घ) बागों में।

(ii) महाजन का नाम था-

(क) अंबिका प्रसाद, (ख) शिबू, (ग) मोहन, (घ) ज्वाला प्रसाद।

(iii) प्राचीन शल्य चिकित्सक का नाम था-

(क) व्यास, (ख) सुश्रुत, (ग) संघटिया, (घ) देशरथ।

(iv) 'चौराहा' में समास है-

(क) द्वन्द्व, (ख) तत्पुरुष, (ग) द्विगु, (घ) अव्ययीभाव।

(v) सर्वाधिक लोकप्रिय महाकाव्य है-

(क) कामायनी, (ख) रामचरितमानस, (ग) साकेत, (घ) पद्मावत्।

उत्तर-(i) (क), (ii) (घ), (iii) (ख), (iv) (ग), (v) (ख)।

प्रश्न 2. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए- 1x5=5

(i) नीतिकाव्य जीवन व्यवहार को .......... बनाने का आधार है। (सुगम/दुर्गम)

(ii) पहली चूक .......... विधा की रचना है। (कहानी/व्यंग्य निबन्ध)

(iii) नर्मदा के उत्स कुण्ड से थोड़ा-सा ........ चलने पर माई की बगिया है। (ऊपर/नीचे)

(iv) 'जो सब कुछ जानता हो' के लिए एक शब्द ........ है। (जानकार/सर्वज्ञ)

(v) 'कामायनी' एक ........... है। (खण्डकाव्य/महाकाव्य)

उत्तर-(i) सुगम, (ii) व्यंग्य निबन्ध, (iii) ऊपर, (iv) सर्वज्ञ, (v) महाकाव्य।

प्रश्न 3. निम्नलिखित में सत्य/असत्य छाँटिए- 1x5=5

(i) वीर रस का स्थायी भाव उत्साह है।

(ii) जिसकी एक आँख हो अन्धा कहलाता है।

(iii) दीपक अन्धकार को मिटाता है।

(iv) गेहूँ मनुष्य की भूख एवं शारीरिक आवश्यकता का प्रतीक है।

(v) कबीर ने बाहरी आडम्बरों का समर्थन किया है।

उत्तर-(i) सत्य, (ii) असत्य, (iii) सत्य, (iv) सत्य, (v) असत्य।

प्रश्न 4. निम्नलिखित का मिलान कर सही जोड़ी बनाइए- 1x5=5

| | |
|---|---|
| (i) श्रद्धा | (क) वेदव्यास |
| (ii) द्वैयायन कृष्ण | (ख) जयशंकर प्रसाद |
| (iii) कुरुक्षेत्र | (ग) धर्मवीर भारती |
| (iv) कम जानने वाला | (घ) खण्डकाव्य |
| (v) थके हुए कलाकार से | (ङ) अल्पज्ञ |

उत्तर-(i) → (ख), (ii)→ (क), (iii)→ (घ), (iv)→ (ङ), (v)→ (ग)।

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए- 1x5=5

(i) कौन स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है ?

(ii) 'जगन्नाथ' का संधि-विच्छेद कीजिए।

(iii) वात्सल्य रस के अलावा रसों की संख्या कितनी मानी गई है ?

(iv) एकांकी में कितने अंक होते हैं ?

(v) चलने से पूर्व बटोही को क्या करना चाहिए ?

उत्तर-(i) दीपक, (ii) जगत + नाथ, (iii) नौ, (iv) एक अंक, (v) पथ की पहचान ।

प्रश्न 6. गँगा, फल के स्वाद का अनुभव किस तरह करता है ? 2

अथवा

माताएँ बालक राम की कौन-सी चेष्टाओं से प्रसन्न होती हैं ?

प्रश्न 7. पीताम्बरधारी श्रीकृष्ण के सौन्दर्य का वर्णन कीजिए। 2

अथवा

कवि ने गुणवान के महत्व को किस प्रकार रेखांकित किया है ?

प्रश्न 8. कवि ने बादलों को कहाँ घिरते देखा है ? 2

अथवा

'उदबोधन' कविता में भ्रामरी किसका अभिनन्दन करती है ?

प्रश्न 9. कबीरदास के अनुसार हमें साधु से क्या नहीं पूछना चाहिए ? 2

अथवा

मानव जिस ओर गया, उधर क्या हुआ ?

प्रश्न 10. मधुप की मधुर गुन-गुन विश्व पर क्या प्रभाव डालेगी? 2

अथवा

'खाली पेट' कविता में निहित व्यंग्य को समझाइए।

प्रश्न 11. शिबू ने डाकुओं का प्रतिकार किस प्रकार किया ? 2

अथवा

भारतीय राष्ट्रीय जीवन पर किन दो समकालीन व्यक्तियों के उदात्त मस्तिष्क की गहरी छाप है ?

प्रश्न 12. 'गेहूँ और गुलाब' से मानव को क्या प्राप्त होता है ? 2

अथवा

लेखक ने रामचरन के कंधे पर हाथ रखते हुए मित्र भाव से क्या-क्या प्रश्न किये ?

प्रश्न 13. गाँव के कुटीर उद्योगों पर आधुनिकता का क्या प्रभाव पड़ा है ? 2

अथवा

पुरुषोत्तम की दो चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 14. ज्ञान और दीपक के आपसी सम्बन्ध को स्पष्ट कीजिए। 2

अथवा

धर्मवीर भारती के अनुसार अधवनी धरा पर अभी क्या-क्या बनना शेष है ?

प्रश्न 15. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए-(कोई दो)

(i) जो ईश्वर पर विश्वास करता हो,

(ii) जिसके समान दूसरा न हो,

(iii) वह बच्चा जिसके माता-पिता न

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए-

(i) वह आस्तिक है। (निषेधवाचक)

(ii) अशोक रामनगर में रहता है। (विस्मयादिबोधक)

प्रश्न 16. वीर रस का स्थायी भाव लिखते हुए एक उदाहरण दीजिए। 2

अथवा

खण्डकाव्य की परिभाषा एवं एक खण्डकाव्य का नाम लिखिए।

प्रश्न 17. भारतीय स्त्रियों के कौन-कौन से गणों ने निवेदिता को प्रभावित किया? 3

अथवा

कवि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्या चाहता है?

प्रश्न 18. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए-

(i) ठेका लेने वाला, (ii) जिसकी लम्बी आयु हो, (iii) निरन्तर चलने वाला।

अथवा

निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए-

(i) दूर के ढोल सुहावने लगते हैं,

(ii) थोथा चना बाजे घना,

(iii) हाथ कंगन को आरसी क्या।

प्रश्न 19. शब्द गुण के प्रमुख प्रकारों को परिभाषित कीजिए। 3

अथवा

श्रृंगार रस को परिभाषित करते हुए एक उदाहरण दीजिए।

प्रश्न 20. छायावादी काव्य की प्रमुख विशेषताएँ बताइए। 4

अथवा

रीतिकाल को श्रृंगार काल क्यों कहा जाता है ? रीतिकाल के किन्हीं दो कवियों एवं उनकी रचनाओं के नाम लिखिए।

प्रश्न 21. संस्मरण किसे कहते हैं ? रेखाचित्र और संस्मरण में चार अन्तर लिखिए। 4

अथवा

नाटक और एकांकी में कोई दो अन्तर लिखते हुए एक-एक रचना एवं रचनाकारों के नामलिखिए।

प्रश्न 22. सूरदास अथवा सुभद्राकुमारी चौहान की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए- 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) भाव पक्ष-कला पक्ष, (iii) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 23. डॉ. वासुदेवशरण अग्रवाल अथवा प्रेमचन्द का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए- 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) भाषा-शैली, (iii) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या सन्दर्भ, प्रसंग सहित कीजिए- 4

बिना विचारे जो करै, सो पाछे पछिताय।

काम बिगारै आपनो, जग में होत हँसाय॥

जग में होत हँसाय, चित्त में चैन न पावै।

खान-पान सम्मान, राग-रंग मनहिं न भावै॥

कह गिरिधर कविराय, दुःख कछु टरत न टारे।

खटकत है जिय माँहि, कियो जो बिना बिचारे ॥

अथवा

वैराग्य छोड़कर बाँहों की विभा सँभालो,

चट्टानों की छाती से दूध निकालो।

है रुकी जहाँ भी धार, शिलाएँ तोड़ो,

पीयूष चन्द्रमाओं को पकड़ निचोड़ो।

चढ़ तुंग शैल-शिखरों पर सोम पियो रे!

योगियों नहीं, विजयी की सदृश जिओ रे!

प्रश्न 25. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 4

इस पद के लिए ऐसे पुरुष की आवश्यकता थी जिसके हृदय में दया हो और साथ-साथ आत्मबल। हृदय वह जो उदार हो, आत्मबल वह जो आपत्ति का वीरता के साथ सामना करे और इस रियासत के सौभाग्य से हमें ऐसा पुरुष मिल गया। ऐसे गुण वाले संसार में कम हैं और जो हैं,वे कीर्ति और मान के शिखर पर बैठे हुए हैं उन तक हमारी पहुँच नहीं है।

अथवा

आधुनिकता सम्प्रदाय का विरोध करती हैं , क्योंकि आधुनिकता गतिशील प्रक्रिया है। 'सम्प्रदाय' स्थिति-संरक्षक। परन्तु परम्परा से आधुनिकता का वैसा विरोध नहीं होता। दोनों ही गतिशील प्रक्रियाएँ हैं। दोनों में अन्तर केवल यह है कि परम्परा यात्रा के बीच पड़ा हुआ अन्तिम चरण है, जबकि आधुनिकता आगे बढ़ा हुआ गतिशील कदम है।

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5

आप हमेशा अच्छी जिन्दगी जीते आ रहे हैं। आप हमेशा बढ़िया कपड़े, बढ़िया जूते, बढ़िया घड़ी, बढ़िया मोबाइल जैसे दिखावों पर बहुत खर्च करते हैं मगर आप अपने शरीर पर कितना खर्च करते हैं ? इसका मूल्यांकन जरूरी है। यह शरीर अनमोल है। अगर शरीर स्वस्थ नहीं होगा तो आप ये सारे सामान किस पर टाँगेंगे ? अतः स्वयं का स्वस्थ रहना सबसे जरूरी है एवं स्वस्थ रहने में हमारे खान-पान का सबसे बड़ा योगदान है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (ii) अनमोल क्या है ?

(iii) शुद्ध, असली शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

प्रश्न 27. अपने बड़े भाई को पत्र लिखिए और उन्हें बताइए कि गर्मी की छुट्टियाँ किस प्रकार व्यतीत करना चाहते हैं। 5

अथवा

अपने विद्यालय के प्राचार्य को शुल्क मुक्ति के लिए आवेदन कीजिए।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए- 7

(i) दहेज प्रथा : एक सामाजिक समस्या, (ii) बिन पानी सब सून, (iii) समाचार-पत्र,

(iv) कम्प्यूटर और उसका महत्व, जान (v) एक आकर्षक मैच। कतिपय

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा लिखिए- 3

(i) वृक्षारोपण (ii) बसन्त ऋतु, (iii) होली, (iv) नवीन शिक्षा प्रणाली,

(v) सादा जीवन उच्च विचार।